Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/55015/07-2013/ 526

दिनांकः– 26/10/13

प्रेषक,

संजीव रंजन,
उपमहाप्रबंधक (परियोजना)

सेवा में,

1. यूनिवर्सल इंटिरियर डेकोरेटर, कंकड़बाग, पटना
2. श्री संतोष कुमार पांडेय, सासाराम
3. मे0 आर.के. इन्फ्रासर्विस प्रा. लि., फ्रेजर रोड, पटना
4. सरस्वती सॉफटवेयर टेक्नोलॉजी प्रा. लि., अभियंता नगर, पटना
5. श्री रामजी प्रसाद, चांदमारी रोड, पटना
6. श्रीमती रीता देवी, करवंदिया, रोहतास
7. श्री आशुतोष कुमार मिश्रा, बेलीसराय, मोतिहारी
8. श्री अविनाश कुमार, ग्रा0 अचुवारा, बाढ़
9. श्री प्रकाश कुमार, गा0 अचुआरा, बाढ़
10. मे0 अग्नि कुमार सिंह, बेगूसराय

विषयः– ड्रग वेयर हाउस, फतुहा, मुजफ्फरपुर एवं पूर्णिया में अस्थायी कार्यालय, शौचालय एवं चापानल निर्माण कार्य हेतु वित्तीय निविदा समर्पित करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि निगम द्वारा राज्य के तीन ड्रग वेयर हाउस, फतुहा, मुजफ्फरपुर एवं पूर्णिया में अस्थायी कार्यालय, शौचालय एवं चापानल निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है । जिसका परिमाण विपत्र का राशि निम्नवत् हैः–

1. ड्रग वेयर हाउस, फतुहा– 9,67,616 रू0
2. ड्रग वेयर हाउस, अनंतपुर, मुजफ्फरपुर– 9,78,468 रू0
3. ड्रग वेयर हाउस, कस्बा, पूर्णिया– 9,77,138 रू0

उपरोक्त तीनों स्थलों का बी.ओ.क्यू. इस निगम के वेबसाईट www.bmsicl.gov.in के Infrastructure Section में Current Tenders के तहत अपलोड कर दिया गया है, अनुरोध है कि दिनांक 2/11/2013 के अपराहन् 3:00 बजे तक निगम के कार्यालय में वित्तीय निविदा समर्पित करने का कष्ट करें । वित्तीय निविदा के साथ बी.ओ.क्यू. शुल्क के रूप में 5000 रू0 का डिमांड ड्राफ्ट BMSICL के नाम से पटना में भुगतेय समर्पित करना आवश्यक है । देर से प्राप्त एवं वैसे निविदा जिनके साथ बी.ओ.क्यू. शुल्क की राशि संलग्न नहीं रहेगी उक्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा । कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि एक माह है । कार्य के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी से कार्यालय में संपर्क कर अथवा दूरभाष पर प्राप्त की जा सकती है ।

विश्वासभाजन

26/10/13

उपमहाप्रबंधक (परियोजना)

5th floor, Biscomaun Bhavan, Gandhi Maidan, Patna 800 001
Phone: +91 612 2219634; Fax: +91 612 2219635
www.bmsicl.gov.in